आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 336 | उज्जैन, सोमवार 27 अक्टूबर 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## बहनें अब जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर बन रही हैं - मुख्यमंत्री

**कृषि-उद्योग, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण के साथ बायोटेक और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में भी अब पहचान बना रही हैं महिलाएँ**




भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बहनें अब जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर बन रही हैं। उद्योग और निवेश के क्षेत्र में महिलाएं वह आत्मविश्वास लेकर आई हैं, जो आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर भारत का ग्रोथ इंजन बनाएगा। प्रदेश के 47 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप में महिलाओं की हिस्सेदारी है। लखपति दीदी योजना से प्रदेश की एक लाख से अधिक महिलाएं प्रतिवर्ष एक लाख से अधिक की आय अर्जित कर रही हैं। आज 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों से लगभग 62 लाख बहनें जुड़कर न सिर्फ अपने घर की आर्थिक स्थिति सुधार रही हैं बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुधारने में भी अपना योगदान दे रही हैं। ग्रामीण अंचलों में स्व-सहायता समूह अब उत्पादन, पैकेजिंग, मार्केटिंग और डिज़ाइनिंग के क्षेत्र में कदम रख चुके हैं। प्रदेश की महिलाएं कृषि-उद्योग, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र निर्माण, बायोटेक और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बना रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में भोपाल वुमेन हब द्वारा आयोजित एमपी एक्सीलेंस अवार्ड-2025 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर सभी को छठ पूजा की शुभकामनाएं भी दीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति को समाज की धूरी माना गया है। हम माँ सरस्वती से ज्ञान और बुद्धि, माँ लक्ष्मी से धन और सम्पदा और माँ दुर्गा से शक्ति मांगते हैं। हमारे लिए बहन, बेटियां देवी समान हैं। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म महिला सशक्तिकरण का प्रभावी प्लेटफार्म बन चुका है। यह महिलाओं को आत्मनिर्भरता, उद्यमिता और नेतृत्व क्षमता की दिशा में सशक्त बनाने में सहायक है।

## चक्रवाती तूफान को लेकर ओडिशा में हाई अलर्ट, बिहार, बंगाल और झारखंड में होगी भारी बारिश



नई दिल्ली (एजेंसी)। ओडिशा में चक्रवाती तूफान के खतरे को देखते हुए राज्य की आपदा प्रबंधन टीमें हाई अलर्ट पर हैं। बंगाल की खाड़ी में बन रहा निम्न दबाव 27 अक्टूबर से राज्य में भारी बारिश ला सकता है। वहीं, चक्रवात का असर सिर्फ ओडिशा ही नहीं बिहार, झारखंड और बंगाल में भी देखने को मिलेगा। यहां आज से लेकर अगले तीन दिन भारी बारिश की संभावना है। मछुआरों को 26 अक्टूबर से समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है मौसम विभाग ने इसे लेकर सतर्कता जारी की है। मौसम विभाग का कहना है कि रविवार से दक्षिण 24 परगना, पूर्व व पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में छिटपुट बारिश शुरू हो सकती है।

वहीं, ओडिशा में 27, 28 और 29 अक्टूबर को भारी बारिश होगी। मछुआरों को 26 अक्टूबर से समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने आश्वासन दिया कि राज्य 22 या 29 अक्टूबर को आने वाले चक्रवाती तूफान के लिए तैयार है। उन्होंने पुष्टि की कि स्वास्थ्य, जल, संसाधन और ऊर्जा विभाग स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

## विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा की बड़ी तैयारी, पूरे बंगाल में 500 से अधिक विस्तारकों की होगी नियुक्ति



नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा ने अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। इसी क्रम में भाजपा चुनाव को ध्यान में रखकर राज्य में 500 से अधिक विस्तारकों की नियुक्ति करने जा रही है। इसमें अब तक 250 पुरुष विस्तारकों को बहाल किया जा चुका है, जिन्हें 250 विधानसभा सीटों पर तैनात किया जाएगा। इन विस्तारकों की ट्रेनिंग इसी सप्ताह कोलकाता में होगी।

मिली जानकारी के अनुसार, 250 महिला विस्तारकों की भी नियुक्ति जल्द की जाएगी। इन महिला विस्तारकों को भी पार्टी विधानसभा क्षेत्रों में काम पर लगाएगी।

सूत्रों के अनुसार, चूंकि बंगाल में महिलाओं की सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी ज्यादा है, लिहाजा प्रदेश की चुनिंदा 250 सीटों पर महिला विस्तारक बहाल करने की योजना बनाई गई है। राज्य में विधानसभा की कुल 294 सीटें हैं। किसी विधानसभा में एक और किसी में दो विस्तारक नियुक्त करने की योजना है।

## राहुल अधिकांश समय विदेश में बिताते हैं, अमेरिकी गायिका मिलबेन बोलीं- पीएम मोदी सर्वश्रेष्ठ नेता



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी गायिका और अभिनेत्री मैरी मिलबेन ने कहा है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भारत का नेतृत्व करने के लिए सही व्यक्ति नहीं हैं। एक विशेष साक्षात्कार के दौरान मिलबेन ने जहां मोदी की नेतृत्व क्षमता की जमकर सराहा, वहीं राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि वह भारत के बारे में नकारात्मकता फैलाते हैं।

मिलबेन ने कहा कि राहुल गांधी का चुनावी प्रदर्शन यह दर्शाता है कि वह भारत का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं हैं। उन्होंने कहा- वह अपना अधिकांश समय यात्रा में बिताते हैं और अपने देश के बारे में नकारात्मक बातें करते हैं। मुझे समझ नहीं आता कि कोई उस देश का नेतृत्व कैसे कर सकता है जिसके बारे में वह इतनी नकारात्मक बातें करता है।

उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी को चुनाव जीतने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए, खासकर ऐसी सूरत में जब वह लगातार अपने देश की आलोचना करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत में लोगों के वोट की ताकत समान है। लोगों ने तीन बार प्रधानमंत्री मोदी को चुना है यानी यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि वह भारत के लिए सबसे अच्छे नेता हैं। जब उनसे पूछा गया कि कांग्रेस के नेता और समर्थक उन्हें ट्रोल कर रहे हैं, तो मिलबेन ने कहा कि वह अपने विचारों पर अडिग हैं। उन्होंने कहा- अगर कोई अपने देश की आलोचना कर रहा है तो वह कैसे चुनाव जीत सकता है? मिलबेन ने पीएम मोदी के साहसी नेतृत्व की सराहना की, विशेषकर ऑपरेशन सिंदूर और आतंकी हमलों के बाद। उन्होंने कहा कि वह भारत की रक्षा कर रहे हैं और करते रहेंगे। मोदी जैसे नेताओं की जरूरत है जो संघर्ष को कम करने में सक्रिय हों।

## अहमदाबाद में अफ्रो डांस नाइट के नाम से चल रही थी शराब पार्टी, 20 गिरफ्तार



नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात में नशाबंदी के बावजूद अफ्रीकी मूल के युवक-युवतियों ने शहर के बाहरी इलाके के एक फार्महाउस में अफ्रो डांस नाइट के नाम से एक पार्टी रखी। इसमें शामिल होने वालों को सात से 25 हजार रुपये तक के टिकट बेचे गए। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी मेहमान बनकर टिकट लेकर इस पार्टी में पहुंचे और फार्महाउस मालिक समेत 20 लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवकों में केन्या, मंगोलिया व अन्य अफ्रीकन देशों के युवा शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश जाट ने बताया कि इस अफ्रो डांस नाइट पर छापा मारकर करीब 70 लोगों में से जिन 20 की गिरफ्तारी की गई, उनमें से 13 अफ्रीकी नागरिक शामिल हैं। पुलिस ने शिलाज के पास जेफिर फार्महाउस में छापामाकर बड़ी मात्रा में शराब, बीयर की कैन, हुक्का आदि बरामद किए।

गेट-टूगेदर के नाम पर यह शराब पार्टी- प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गुजरात के विभिन्न कालेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे अफ्रीकी छात्रों के लिए एक गेट-टूगेदर के नाम पर यह शराब पार्टी आयोजित की गई थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस को इस कार्यक्रम में शराब परोसे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने सिविल ड्रेस में मेहमान बनकर पास खरीदकर कार्यक्रम स्थल में प्रवेश किया। एसपी ने बताया- विशिष्ट सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने शहर के शिलाज इलाके के एक फार्महाउस पर छापा मारकर 13 अफ्रीकी नागरिक समेत 20 लोगों को गिरफ्तार किया।

## असम में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया संदिग्ध माओवादी, कई गतिविधियों में था शामिल



नई दिल्ली (एजेंसी)। असम के कोकराझार जिले में रेलवे ट्रैक पर हाल ही में हुए आईईडी विस्फोट में कथित रूप से शामिल एक संदिग्ध माओवादी शनिवार को पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। उसकी पहचान अपिल मुर्मु उर्फ रोहित मुर्मु के रूप में हुई है। वह कथित तौर पर असम और झारखंड में कई गतिविधियों से जुड़ा था। मुठभेड़ नादंगुरी में हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि इलाके में कुछ माओवादी छिपे हुए हैं। पुलिस जब मौके पर पहुंची, तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक माओवादी घायल हो गया।

## ASEAN समिट में वर्चुअल रूप से क्यों शामिल होंगे पीएम मोदी? क्या है आसियान शिखर सम्मेलन का एजेंडा




नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) शिखर सम्मेलन मलेशिया में होने जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप रविवार को मलेशिया पहुंच गए। यहां ट्रंप अपने समकक्षी शी चिनफिंग से व्यापार वार्ता करेंगे। लेकिन ट्रंप की प्रधानमंत्री मोदी से बहुप्रतीक्षित वार्ता नहीं हो पाएगी।

दरअसल, आसियान शिखर सम्मेलन पर काफी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है , क्योंकि इस दौरान व्यापार और शांति समझौते जैसे कई अहम मुद्दों पर चर्चा होनी है। वहीं, आसियान शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल रूप से भाग ले रहे हैं। ऐसे में वहां ट्रंप की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात नहीं हो पाएगी।

पीएम मोदी की वर्चुअल उपस्थिति- बता दें कि भारत और मलेशिया ने घोषणा की कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आसियान शिखर सम्मेलन के लिए कुआलालंपुर की यात्रा नहीं करेंगे। वे इस सम्मेलन में वर्चुअल रूप से शामिल होंगे। इससे पहले ऐसा अनुमान लगाया जा रहा था कि इस सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। लेकिन नई दिल्ली की घोषणा के बाद यह संभावना खत्म हो गई।

क्यों नहीं जा रहें पीएम मोदी- भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम और अन्य मुद्दों के कारण आसियान शिखर सम्मेलन में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं होने का फैसला किया। मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा कि मोदी ने उनसे कहा कि चूँकि दीपावली का त्योहार अभी भी मनाया जा रहा है, इसलिए वे ऑनलाइन भाग लेंगे। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर 27 अक्टूबर को पूर्वी एशियाई शिखर सम्मेलन सहित कई प्रमुख बैठकों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आसियान शिखर सम्मेलन का एजेंडा- आसियान शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप मलेशिया पहुंच गए हैं। यह एक ऐसी बैठक है, जिसमें ट्रंप अपने कार्यकाल के दौरान कई बार शामिल नहीं हो पाए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति की कार्यसूची में व्यापार वार्ता और शांति समझौते सहित कई विषय शामिल हैं। इस बैठक में हिस्सा लेने के साथ-साथ ट्रंप मलेशिया के साथ एक व्यापार समझौते पर भी हस्ताक्षर करेंगे।

# मैं हर महीने रुकवाता हूं युद्ध, ट्रंप का पाकिस्तान प्रेम; मुनीर-शहबाज की जमकर की तारीफ



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने कहा है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर %बेहतरीनलोग% हैं और वॉशिंगटन जल्दी ही पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष को सुलझा देगा। ट्रंप ने यह बयान मलयेशिया के कुआलालंपुर में दिया, जहां उनके बीच थाईलैंड और कंबोडिया के बीच शांति समझौता संपन्न हुआ। ट्रंप ने मीडिया से दावा करते हुए कहा कि यह बहुत लंबी शांति होगी और उनकी सरकार ने आठ महीने में आठ युद्ध खत्म किए, हम औसतन एक महीने में एक युद्ध बंद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष हाल ही में शुरू हुआ है और वे उसे बहुत जल्दी सुलझा देंगे क्योंकि वे दोनों नेताओं को जानते हैं। ट्रंप ने कहा, ÷फील्ड मार्शल और प्रधानमंत्री दोनों अच्छे लोग हैं और मुझे पूरा भरोसा है कि हम इसे जल्दी सुलझा लेंगे।

शांति समझौते के संदर्भ में ट्रंप का रोल

ट्रंप कुआलालंपुर में थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हुए शांति समझौते के दौरान भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले सुलझाने में उन्हें आनंद आता है और यदि इससे लाखों जिंदगियां बच सकें तो यह बहुत बड़ा काम है। ट्रंप ने फिर दोहराया कि उनकी दूसरे टर्ममें भी उन्होंने कई संघर्षों को रोका है।

ट्रंप के दावों पर बात- ट्रंप ने कई बार यह दावा किया है कि उनके हस्तक्षेप से युद्ध रुक गए हैं, उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा था कि पाहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाक संघर्ष रोकने में उनका योगदान था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में कहा कि किसी भी देश के नेता ने भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने के लिए नहीं कहा।

पीएम मोदी के अनुसार, 9 मई की रात अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने उन्हें फोन करने की कोशिश की, लेकिनवे एक मीटिंग में व्यस्त थे और बाद में जब कॉल वापस की तो वेंस ने कहा कि पाकिस्तान बड़ा हमला करने वाला था। पीएम मोदी ने कहा कि उनका जवाब था कि अगर पाकिस्तान ने ऐसा किया तो उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

पाकिस्तान-अफगान संघर्ष का जिक्र- खबर में कहा गया है कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान संघर्ष लगभग दो हफ्ते पहले शुरू हुआ और इसमें कई लोगों की जान चली गई। ट्रंप ने इसे कुछ दिन पहले शुरू बताया, यानी उनके वक्तव्य और घटनाक्रम में वक्त का फर्क नजर आता है। ट्रंप ने कहा कि वे जानकारियों के साथ इस मसले को जल्दी सुलझा सकते हैं।

# लूव्र म्यूजियम से चोरी हुए आभूषणों को खरीदेंगे टेलीग्राम के CEO! चोरों की तस्वीर वायरल; 2 संदिग्ध गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। फ्रांस की राजधानी पेरिस स्थिति लूव्र संग्रहालय में कुछ दिन पहले हुई चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस लूव्र म्यूजियम से कीमती आभूषणों की चोरी के सिलसिले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, पुलिस द्वारा अभी गिरफ्तार किए गए संदिग्धों की पहचान को उजागर नहीं किया गया है।



लूव्र संग्रहालय में हुई चोरी मामले में पुलिस ने शनिवार रात एक संदिग्ध को पेरिस-चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे पर उस समय हिरासत में लिया गया, जब वह विदेश जाने के लिए विमान में सवार होने वाला था, जबकि दूसरे को कुछ ही देर बाद पेरिस से गिरफ्तार कर लिया गया।

चोरों ने संग्रहालय के खुलने के कुछ ही समय बाद ऊपरी मंजिल की खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अनुमानित 10.2 करोड़ डॉलर मूल्य की आठ कीमती रत्न चुरा लिए। इसके बाद वे मोटरसाइकिलों पर भाग निकले, जिसके बाद पूरे फ्रांस में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया।

तस्वीरें वायरल- लूव्र संग्रहालय में चोरी के कुछ ही देर बाद पेरिस स्थित एसोसिएटेड प्रेस फोटोग्राफर थिबॉल्ट कामू ने एक सजीले कपड़े पहने युवक को वर्दीधारी फ्रांसीसी पुलिस अधिकारियों के पास से गुजरते हुए देखा। उसने इसकी तस्वीर ले ली। हालांकि, यह कोई विशेष अच्छी तस्वीर नहीं थी। क्योंकि किसी के कंधे ने अग्रभूमि का कुछ भाग छिपा दिया था।

## रूसी तेल की खरीद बंद करेगा भारत, ट्रंप ने फिर किया दावा; चीन को लेकर क्या बोले?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि भारत अब रूसी तेल की खरीद कम करेगा। ट्रंप इस सम अपने एशिया दौरे पर हैं और आसियान शिखर सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। रविवार को एयरफोर्सवन विमान में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि भारत रूसी तेल की खरीद में कटौती करने जा रहा है।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्ते हाल के दिनों में तनावपूर्ण रहे हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि भारत रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध को बढ़ावा दे रहा है, जिसके चलते उन्होंने भारत पर 50त्न टैरिफ लगाया था।

जब उनके पूछा गया कि क्या वे चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से इस मुद्दे पर बात करेंगे, तो ट्रंप ने कहा, ÷मैं इस पर चर्चा कर सकता हूं। चीन ने पहले ही रूसी तेल की खरीद बहुत घटा दी है और भारत लगभग पूरी तरह घटा रहा है। हमने रूस पर नए प्रतिबंध लगाए हैं।÷ ट्रंप ने इसी हफ्ते रूसी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर नए अमेरिकी प्रतिबंधों की घोषणा की थी। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब उनकी शी चिनफिंग से साउथ कोरिया में मुलाकात होने वाली है। दोनों नेताओं की यह बैठक अमेरिका-चीन व्यापार तनाव को कम करने की कोशिश का हिस्सा है।

## त्रिनिदाद एंड टोबैगो में भव्य राम मंदिर के निर्माण की तैयारी, सरकार ने दी मंजूरी




नई दिल्ली (एजेंसी)। कैरेबियाई देश त्रिनिदाद एंड टोबैगो अपनी राजधानी पोर्ट ऑफस्पेनमेंएक भव्य राम मंदिर के निर्माण की तैयारी कर रहा है। हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति को कैरेबियाई क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में यह बड़ा कदम माना जा रहा है।

करीब 15 लाख की आबादी वाले इस देश में साढ़े तीन लाख से अधिक हिंदू रहते हैं। यह अमेरिका महाद्वीप के उन कुछ देशों में से एक है, जहां हिंदू धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं आज भी राष्ट्रीय जीवन में गहराई से रची-बसी हैं। यही कारण है कि त्रिनिदाद एंड टोबैगो को लंबे समय से 'रामायण कंट्री' के रूप में पहचाना जाता है।

सरकार का समर्थन- देश के पब्लिक यूटिलिटीज मंत्री बैरी पदरथ ने धार्मिक नेताओं के साथ हाल ही में बैठक में इस पहल के प्रति सरकार के मजबूत समर्थन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि त्रिनिदाद एंड टोबैगो को 'रामायण कंट्री' कहा जाता है।

यहां सदियों से भारतीय परंपराएं जीवित हैं और सरकार इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अमेरिका की लिंकन यूनिवर्सिटी में गोलीबारी, कई लोग घायल; हमलावर की तलाश जारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में ऑक्सोर्ड के पास लिंकन यूनिवर्सिटी में शनिवार शाम ताबड़तोड़ गोलियां चली। जानकारी के अनुसार, यह गोलीबारी उस वक्त हुई, जब लोग अपने घर वापस जा रहे थे। इस गोलीबारी में कम से कम चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

लिंकन यूनिवर्सिटी में गोलीबारी शनिवार रात 9 बजे के करीब की बताई जा रही है। इस घटना के तुरंत बाद पुलिस ने 9¬15 पर कार्रवाई की। गोलीबारी की खबर के बाद लोग सोशल मीडिया पर चिंताए व्यक्त कर रहे हैं।

काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी कार्यालय ने जारी किया बयान- लिंकन यूनिवर्सिटी में हुई गोलीबारी को लेकर चेस्टर काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि लिंकन विश्वविद्यालय में आज शाम हुई गोलीबारी की घटना की जानकारी है, जिसमें कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है और सक्रिय रूप से जांच कर रही है। कृपया इस समय उस क्षेत्र में जाने से बचें।

क्रिस्टियाना अस्पताल में चल रहा इलाज- सीबीएस न्यूज फिलाडेल्फिया ने सूत्रों के हवाले से बताया कि शुरुआती रिपोर्टों में दावा किया गया था कि होमकमिंग टेलगेट और यार्डफेस्ट कार्यक्रम के दौरान कैंपस में कम से कम एक व्यक्ति को गोली मारी गई। हालांकि, एबीसी6 एक्शन न्यूज ने बताया कि कई लोगों को गोली मारी गई थी, और कम से कम चार लोगों को गोलियां लगी थीं और उनकी हालत अलग-अलग थी।

# प्लेन से उतरते ही ट्रंप करने लगे डांस, जोरदार ठुमका देख हैरान रह गए मलेशिया के पीएम



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आसियान शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए मलेशिया के कुआलालंपुर पहुंच गए हैं। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही उनका जोरदार स्वागत हुआ। विमान से उतरते ही ट्रंप ने जमकर ठुमका लगाया। ट्रंप के ठुमके को देख हर कोई हैरान रह गया। ट्रप के मलेशिया दूर वाला यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर तरह तरह की प्रतिक्रियां दे रहे हैं। वायरल वीडियो में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप एयर फोर्स वन के पास हवाई अड्डे के टरमैक पर ढोल की थाप पर नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं और उनके ऊर्जावान कदम को देखकर वहां आस-पास मौजूद लोगों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिल रहा है।

एयरपोर्ट पर उतरते वक्त जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप डांस कर रहे होते हैं, तो उस वक्त वहां मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम भी मौजूद थे। इब्राहिम ट्रंप के डांस को देखते हुए मुस्कुरा रहे थे। लोगों ने ट्रंप के इस अंदाज को मजेदार और अनौपचारिक बताया है.

वायरल हो रहे वीडियो में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को मलेशिया के प्रमुख जातीय समूहों, जिनमें बोर्नियो के मूल निवासी, मलय, चीनी और भारतीय शामिल हैं, का प्रतिनिधित्व करने वाले रंग-बिरंगे परिधानों वाले नर्तकों के साथ डांस करते देखा जा सकता है।

आसियान शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप मलेशिया पहुंच गए हैं। ट्रंप तीन देशों के दौरे पर हैं।

# 9/11 के बाद मेरी आंटी तो..., डेमोक्रेटिक उम्मीदवार ममदानी के बयान से गरमाई अमेरिका की राजनीति; जेडी वेंस ने कसा तंज



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के न्यूयॉर्क में मेयर चुनाव का माहौल गरमा गया है। डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जोहरन ममदानी के एक बयान पर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने तंज कसते हुए कहा कि उनके हिसाब से 9/11 की असली पीड़ित उनकी आंटी थी, जिन्हें बस कुछ बुरी नजरों का सामना करना पड़ा। इस बयान के बाद दोनों नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है।

ममदानी ने हाल ही में एक कार्यक्रम में कहा कि 9/11 के बाद उनकी आंटी ने हिजाब पहनकर मेट्रो में सफर करना बंद कर दिया, क्योंकि उन्हें डर लगता था। उन्होंने बताया कि जब वे राजनीति में आए तो लोगों ने उन्हें अपनी धार्मिक पहचान छिपाने की सलाह दी।ममदानी ने कहा, न्यूयॉर्क के कई मुसलमानों ने ऐसे अनुभव झेले हैं। लेकिन अब वक्त आ गया है कि हम अपनी पहचान को छिपाएं नहीं, बल्कि गर्व से सामने रखें।

कौन-कौन हैं मैदान में- ममदानी के खिलाफ तीन नेता मैदान में हैं, रिपब्लिकन उम्मीदवार कर्टिस स्लिवा, इंडिपेंडेंट उम्मीदवार एंड्रयू कुओमो और मौजूदा मेयर एरिक एडम्स, जिन्होंने इस बार चुनाव नहीं लड़ा। इन नेताओं ने ममदानी पर कट्टरपंथी सोच रखने का आरोप लगाया है। डेमोक्रेट्स का कहना है कि पिछले कुछ हफ्तों में ये हमले इस्लामोफोबिक होते जा रहे हैं। हाल ही में एंड्रयू कुओमो एक रेडियो शो में शामिल हुए, जहां एंकर ने मजाक में कहा कि ममदानी शायद अगले 9/11 पर खुश होंगे। इस बात पर पहले तो कुओमो को हंसी आई, लेकिन बाद में उनके प्रवक्ता ने कहा कि वे उस से सहमत नहीं थे।

# PM Shri पर पहले दो साल तक केरल करता रहा न, फिर अब क्यों कहा हां?



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल ने केंद्र से तालमेल बिठाते हुए पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया के एमओयू पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इसकी चर्चा इसलिए भी हो रही है क्योंकि इस नीति का केरल ने विचारधारा की वजह से लगातार विरोध किया था।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा, देर आए दुरुस्त आए। मैं मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी को पीएम श्री योजना का समर्थन करने और एनईपी को लागू करने में मिलकर काम करने की भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद देता हूं।

पहले योजना में शामिल होने से किया था मना- मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) गठबंधन सरकार ने इससे पहले तक इस योजना में शामिल होने से इनकार कर दिया था। इसमें तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य भी शामिल हैं। इनका तर्क है कि एनईपी स्कूल पाठ्यक्रम में केंद्रीकरण, व्यवसायीकरण और सांप्रदायिक नैरेटिव को बढ़ावा देती है।

केरल ने क्यों मारा रिवर्स गियर- केरल के रुख में यह बदलाव तब आया जब केंद्र ने 2025-26 के लिए समग्र शिक्षा फंड में 456.01 करोड़ रुपये रोक लिए क्योंकि राज्य PM SHRI में शामिल नहीं हुआ था। पिछले सालों के 513.54 करोड़ रुपये (2024-25) और 188.58 करोड़ रुपये (2023-24) के बकाया भी पेंडिंग थे, जिससे कुल रोकी गई रकम 1,158.13 करोड़ रुपये हो गई। केरल सरकार की अगर मानें तो इससे सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले पिछड़े तबके के 40 लाख छात्रों पर सीधा असर पड़ा।

## सीबीआई को बड़ी सफलता, लॉरेंस बिश्नोई का खास लखविंदर को अमेरिका से लाया गया भारत




नई दिल्ली (एजेंसी)। संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर लखविंदर कुमार जो लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ा है, उसे अमेरिका से डिपोर्ट कर दिल्ली लाया गया है। सीबीआई ने बताया कि शनिवार को दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर हरियाणा पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में लिया।

अधिकारियों के मुताबिक, लखविंदर पर हरियाणा में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें फिरौती, धमकी, अवैध हथियार रखना और हत्या की कोशिश शामिल है। हरियाणा पुलिस के अनुरोध पर सीबीआई ने इंटरपोल के जरिए उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया था। यह नोटिस 26 अक्टूबर 2024 को जारी हुआ था, जिसके बाद संयुक्त प्रयासों से आरोपी को 25 अक्टूबर 2025 को भारत वापस लाया गया।

कैसे वापस लाया गया लखविंदर- सीबीआई ने बताया कि विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सहयोग से इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। सीबीआई ने भारत में अलग-अलग एजेंसियों के साथ मिलकर काम किया ताकि लखविंदर को वापस लाया जा सके। अधिकारियों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में 130 से ज्यादा वांछित अपराधियों को इसी तरह भारत लाया गया है।

## केरल- इडुक्की में राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण के पास हुआ भूस्खलन, एक की मौत; मलबे में दबे 8 घर



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल के इडुक्की जिले के अदिमाली क्षेत्र के मन्नमकंडम में शनिवार रात हुए भूस्खलन में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-85 के चौड़ीकरण कार्य के पास हुआ, जिससे कम से कम आठ घर पूरी तरह मलबे में दब गए।

मृतक की पहचान लक्ष्मवीडू उन्नाथी कॉलोनी के 48 वर्षीय बिजू के रूप में हुई है। उनकी पत्नी संध्या गंभीर रूप से घायल हैं और उन्हें इलाज के लिए अलुवा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रात में लौटे थे घर- पुलिस ने बताया कि कॉलोनी में करीब 22 घर थे। भूस्खलन के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने शनिवार शाम सभी परिवारों को राहत शिविरों में भेज दिया था। लेकिन बिजू और संध्या खाना बनाने के लिए रात में दोबारा घर लौट आए।

रात करीब 10:30 बजे अचानक पहाड़ी का हिस्सा ढह गया और मिट्टी कई घरों पर गिर गई। दोनों मलबे में दब गए। पांच घंटे की राहत-बचाव कार्रवाई के बाद उन्हें बाहर निकाला गया, लेकिन बिजू ने दम तोड़ दिया। संध्या की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

'सड़क चौड़ीकरण बना खतरा'- स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि राजमार्ग चौड़ीकरण का काम बिना सुरक्षा उपायों के किया जा रहा था।

## शादीशुदा महिला से संबंध के शक में महाराष्ट्र के युवक की कर्नाटक में पीट-पीटकर हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक के बीदर जिले में महाराष्ट्र के 27 वर्षीय युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम विष्णु था, जो महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के गौणगांव गांव का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक, यह वारदात एक शादीशुदा महिला से संबंध के शक में हुई।

जिस महिला से विष्णु का संबंध था, उसके परिवार के लोगों ने ही उसे पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला चिंटकी गांव पुलिस स्टेशन क्षेत्र का है। एफआईआर के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति को गांव में बांधकर मारा जा रहा है।

अर्धबेहोश हालत में मिला विष्णु- मौके पर पहुंची पुलिस ने विष्णु को अर्धबेहोश हालत में पाया। उसके शरीर पर कई चोटों के निशान थे। उसे पहले चिंटकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया और फिर बीदर बीआरआईएमएस अस्पताल, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

विष्णु की मां लक्ष्मी ने पु पहले अपने पति को छोड़कर विष्णु के साथ रहना शुरू कर दिया था, लेकिन करीब तीन महीने पहले वह अपने मायके नगनापल्ली लौट गई थी।

शिकायत के अनुसार, मंगलवार को विष्णु दो दोस्तों के साथ पूजा से मिलने नगनापल्ली गया था। जब वह हनुमान मंदिर पहुंचा, तो पूजा के पिता अशोक और भाई गजानन ने उसे वहां पकड़ लिया। दोनों ने उसे मंदिर से बाहर खींचकर डंडों से बेरहमी से पीटा।

पिटाई का वीडियो हुआ वायरल- हमले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें विष्णु जमीन पर बंधा पड़ा दिखाई दे रहा है और दोनों आरोपी उसे लगातार पीट रहे हैं। शुरुआत में पुलिस ने मामला बीएनएस की धारा 109, 118(1), 352 और 127(2) के तहत दर्ज किया था। लेकिन विष्णु की मौत के बाद हत्या की धाराएं भी जोड़ी गई और दोनों आरोपी अशोक और गजानन को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## नशेबाज बाइक राइडर, फॉड ड्राइवर, कुरनूल बस अग्निकांड की कहानी के वो किरदार जिनकी वजह से 20 लोग जिंदा जलकर मर गए



नई दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के कुरनूल में बस अग्निकांड में 20 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। ये घटना दिखाती है कि हमारे रोड सेफ्टी प्रोसेस में कमियों के कितने खतरनाक नतीजे हो सकते हैं। इस कहानी के दो किरदार उभरकर सामने आए हैं, जिसमें एक वो बस ड्राइवर जिसने फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र के आधार पर लाइसेंस हासिल कर लिया और दूसरा वो बाइक राइडर जिसने नशे में बाइक चलाने का फैसला किया।

मामले में बस ड्राइवर मिरियाला लक्ष्मैया को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच करने पर पता चला कि लक्ष्मैया ने सिर्फ कक्षा 5 तक पढ़ाई की और उसने 10वीं पास का फर्जी सर्टिफिकेट बनवाकर गाड़ी चलाने का लाइसेंस हासिल कर लिया। ड्राइविंग लाइसेंस पाने के लिए जो नियम है उसमें कक्षा 8 तक पढ़ाई करना जरूरी है।

कैसे हुआ कुरनूल बस अग्निकांड- दरअसल, शुक्रवार को रात में करीब 2 बजे कुरनूल में चिन्ना टेकुरु के पास बाइक पर सवार दो लोगों का एक्सीडेंट हो जाता है। ये बाइक सड़क पर फिसलकर डिवाइडर से टकरा जाती है और बाइक चला रहे शिव शंकर की इसमें मौत हो जाती है, जबकि पीछे बैठे व्यक्ति एरी स्वामी को चोटें आती हैं। दुर्घटना के बाद एरी ने शिव शंकर की बॉडी को सड़क से उठाने की कोशिश की तो देखा कि वह मर चुका है।

इससे पहले कि वह बाइक को सड़क से हटा पाता उससे पहले एक बस ने उसे कुचल दिया और वह बाइक बसे के नीचे फंसकर घिसटती रही। इस बीच बाइक का फ्यूल टैंक फट गया और आग लग गई। इसके बाद इस आग ने बस के निचले हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। कुरनूल रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक कोया प्रवीण ने बताया कि उन्हें फॉरेंसिक जांच की रिपोर्ट आने के बाद पता चला कि बाइक पर सवार दोनों लोग (शिव शंकर और एरी स्वामी) नशे में थे। उन्होंने यह भी बताया कि उस रात इन दोनों ने एक ढाबे पर खाना खाया था और शराब पी थी।

## जांजगीर चांपाः जुआ खेलते पटवारी संघ के अध्यक्ष गिरफ्तार, 20 लाख जब्त



नई दिल्ली (एजेंसी)। जांजगीर चांपा शहर के सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने शनिवार देर रात रमन नगर जांजगीर में बड़ी कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

चौंकाने वाली बात यह है कि पकड़े गए जुआरियों में राजस्व पटवारी संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सहित छह पटवारी शामिल हैं। पुलिस ने मौके से नकद 40 हजार रुपये, 52 पत्तियां ताश, छह मोबाइल फोन, दो कार, दो स्कूटी सहित लगभग 20 लाख रुपये का सामान जब्त किया है।

लंबे समय से मिल रही थी जुआ खेलने की शिकायत

कोतवाली थाना प्रभारी मणिकांत पांडेय ने बताया कि जांजगीर के रमन नगर निवासी रवि राठौर के मकान में लंबे समय से जुआ खेलने की शिकायत मिल रही थी। शनिवार की रात पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दबिश दी, जहां पर जुआ का फड़ चल रहा था।

मौके से ज्योतिष कुमार सार्वे (कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, राजस्व पटवारी संघ), हेमचंद तिवारी, रवि राठौर, उमेश कुमार पटेल, गोविंद कांवर, राहुल प्रताप सिंह, देवेश अंबष्ट और पटवारी का निजी कंप्यूटर आपरेटर हरीश सिंह को गिरफ्तार किया गया।

पटवारी संघ की साख पर सवाल- पुलिस ने पकड़े गए जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई से प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। खास तौर पर पटवारी संघ की साख पर सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि संगठन का शीर्ष पदाधिकारी ही जुआ खेलते पकड़ा गया है।

दैनिक हिन्दकुश
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
hindkush.in
24x7 News portal
हिन्दकुश
info@hindkush.in
jagrayam.com
online news magazine
जागृयाम
info@jagrayam.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल षष्ठमी


## संपादकीय

# भारत दुनियाँ का सबसे बड़ा लोकतंत्र, सबसे युवा जनसंख्या और सबसे विविध भाषाई पहचान वाला देश हैं...



वैश्विक स्तरपर भारत दुनियाँ का सबसे बड़ा लोकतंत्र, सबसे युवा जनसंख्या और सबसे विविध भाषाई पहचान वाला देश हैं, यहाँ भाषा सिर्फ बोलने का माध्यम नहीं, बल्कि इतिहास, संस्कृति, परंपरा, ज्ञान और पहचान की जीवंत धरोहर है। भारतीयों के लिए भाषा आत्मा की आवाज़ है। भारत का भाषाई परिदृश्य दुनियाँ में सबसे अनूठा है, जहाँ 22 अनुसूचित भाषाएँ, 122 प्रमुख भाषाएँ और 19,500 + बोलियाँ बोली जाती हैं। इतने विशाल भाषाई विस्तार के साथ डिजिटल परिवर्तन को समावेशी बनाना एक बड़ी चुनौती और साथ ही एक विशाल अवसर है।भाषा केवल संचार नहीं, एक सभ्यता की आत्मा हैं,भाषा किसी भी मानव समाज के भावनात्मक, नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों की वाहक होती है। भाषा के माध्यम से ज्ञान पीढ़ियों तक प्रवाहित होता है। यह व्यक्ति की जड़ों से जुड़ाव बनाती है, उसकी पहचान स्थापित करती है और उसे समाज का सक्रिय सदस्य बनाती है।किसी भी देश के डिजिटल विकास का मूल्यांकन तभी सार्थक है जब उसकी तकनीक किसी व्यक्ति की मातृभाषा को सम्मान दे। यदि व्यक्ति अपने अधिकार, स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक अवसर उसी भाषा में समझ पाए जिसे उसने बचपन से सीखा है, तब ही तकनीक वास्तविक समावेशन की शक्ति बनती है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि आज 'भाषा- टीकाकरण' और 'भाषा- समावेशन'का युग है और भारत अपने विशाल भाषाई समृद्धि को केवल चुनौती नहीं मान रहा, बल्कि इसे अपनी सबसे बड़ी शक्ति बनाकर आगे बढ़ रहा है। हमें उम्मीद है कि आने वाले वर्ष-दशक में यह दृष्टि फलीभूत होगी,और भारत क़ा प्रत्येक नागरिकअपनी मातृभाषा में,अपनी बोली में,तकनीक, नवाचार और सामाजिक- उन्नति का हिस्सा बनेगा।आज भारत तेज़ी से डिजिटल सुपरपावर बनने की ओर अग्रसर है। इंटरनेट, स्मार्टफोन और सरकार की डिजिटल इंडिया नीति ने एक नए युग की शुरुआत की है,जहाँ हर नागरिक को अपनी मातृभाषा में डिजिटल अधिकार, सेवाओं तक पहुँच और सूचना की स्वतंत्रता मिले। यही भारत के भाषाई डिजिटल पुनर्जागरण की असली नींव है।भारत का भाषाई परिदृश्य वास्तव में विश्व में अद्वितीय है। भारत में केवल 22 अनुसूचित भाषाएँ ही नहीं रह गईं, बल्कि सैकड़ों जनजातीय तथा क्षेत्रीय बोलियाँ पूरे भौगोलिक विस्तार में विद्यमान हैं। यह विविधता केवल संख्या-का विषय नहीं है, बल्कि यह हमारी सामाजिक, सांस्कृतिक,भाषाई एवं राजनैतिक जटिलताओं का द्योतक है। उदाहरणतः संविधान में 22 भाषाओं को अनुसूचित किया गया है,जो यह संकेत देती हैं कि इनमें सरकारी, शैक्षिक, न्याय- प्रक्रिया और सार्वजनिक संवाद की दृष्टि से विशेष संवैधानिक मान्यता है। इसके अतिरिक्त,भारत के प्रत्येक राज्य एवं क्षेत्र में स्थानीय-भाषा और बोलियों का अपना स्थान है, सौ-सौ वर्षों से चली आ रही संवाद-परंपराएँ हैं, और वे बोलियाँ सिर्फ बोली के रूप में नहीं बल्कि सामाजिक पहचान, सांस्कृतिक विरासत तथा अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इस प्रकार भारत में भाषा का प्रश्न केवल भाषाई संरचना तक सीमित नहीं है यह क्षेत्रीय-तक निजी-तक पहचान, सामाजिक-तक राजनैतिक संदर्भ, और तकनीकी-तक डिजिटल समावेशन का विषय भी है।

साथियों बात अगर हम इस विशेषता के कारण जब हम डिजिटल परिवर्तन की दिशा में देखते हैं तो,भारत की बहुभाषिक डिजिटल क्रांति यानें संवाद, सूचना,संचार,इंटरफेस तकनीकें, इंटरनेट-आधारित सेवाएँ स्मार्टफोन -एप्लिकेशन-सिस्टम आदि,तो दूसरे बिंदु के रूप में यह स्पष्ट हो जाता है कि जैसे-जैसे डिजिटल बदलाव तेज़ हो रहा है, इस भाषाई विविधता को डिजिटल बुनियादी ढाँचे में समाहित करना बेहद ज़रुरी हो गया है। तकनीक अब केवल संचार का माध्यम नहीं रह गई है,यह आज समावेशन की रीढ़ बन चुकी है।

# छठपूजा



छठपूजा अथवा छठ पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाने वाला एक हिन्दू पर्व है। सूर्योपासना का यह अनुपम लोकपर्व मुख्य रूप से पूर्वी भारत के बिहार, झारखण्ड, उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाता है। उत्तराखंड का उत्तरायण पर्व हो या केरल का ओणम, कर्नाटक की रथसप्तमी हो या बिहार का छठ पर्व, सभी इसका द्योतक हैं कि भारत मूलत~ सूर्य संस्कृति के उपासकों का देश है तथा बारह महीनों के तीज-त्योहार सूर्य के संवत्सर चक्र के अनुसार मनाए जाते हैं। छठ से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं और लोकगाथाओं पर गौर करे तो पता चलता है कि भारत के आदिकालीन सूर्यवंशी भरत राजाओं का यह मुख्य पर्व था। मगध और आनर्त के राजनीतिक इतिहास के साथ भी छठ की ऐतिहासिक कडियां जुड़ती हैं।

मान्यताएँ- इस संबंध में मान्यता है कि मगध सम्राट जरासंध के एक पूर्वज का कुष्ठ रोग दूर करने के लिए शाकलद्वीपीय मग ब्राह्मणों ने सूर्योपासना की थी। तभी से यहाँ छठ पर सूर्योपासना का प्रचलन प्रारम्भ हुआ।

छठ के साथ आनर्त प्रदेश के सूर्यवंशी राजा शर्याति और भार्गव ऋषि च्यवन का भी ऐतिहासिक कथानक जुड़ा है। कहते हैं कि राजा शर्याति की पुत्री सुकन्या ने कार्तिक की षष्ठी को सूर्य की उपासना की तो च्यवन ऋषि के आँखों की ज्योति वापस आ गई।

ब्रह्मवैवर्तपुराण में छठ को स्वायम्भुव मनु के पुत्र प्रियव्रत के इतिहास से जोड़ते हुए बताया गया है कि षष्ठी देवी की कृपा से प्रियव्रत का मृत शिशु जीवित हो गया। तभी से प्रकृति का छठा अंश मानी जाने वाली षष्ठी देवी बालकों के रक्षिका और संतान देने वाली देवी के रूप में पूजी जाने लगी।

छठ के साथ स्कन्द पूजा की भी परम्परा जुड़ी है। भगवान शिव के तेज से उत्पन्न बालक स्कन्द की छह कृतिकाओं ने स्तनपान करा रक्षा की थी। इसी कारण स्कन्द के छह मुख हैं और उन्हें कार्तिकेय नाम से पुकारा जाने लगा।

कार्तिक से सम्बन्ध होने के कारण षष्ठी देवी को स्कन्द की पत्नी देवसेना नाम से भी पूजा जाने लगा।

पुराण व उपनिषद में - श्वेताश्वतरोपनिषद में परमात्मा की माया को प्रकृति और माया के स्वामी को मायी कहा गया है। यह प्रकृति ब्रह्मस्वरूपा, मायामयी और सनातनी है।

ब्रह्मवैवर्तपुराण प्रकृतिखण्ड के अनुसार परमात्मा ने सृष्टि के लिए योग का अवलम्बन कर अपने को दो भागों में बांटा। दक्षिण भाग से पुरुष व वाम भाग से प्रकृति का जन्म हुआ। प्रकृत शब्द की व्याख्या कई प्रकार से की गयी। प्र का अर्थ है प्रकृष्ट व कृति का अर्थ है सृष्टि। यानी प्रकृष्ट सृष्टि। दूसरी व्याख्या के अनुसार प्र का सत्वगुण, कृ का रजोगुण और ति का तमोगुण के रूप में अर्थ लिया गया है। इन्हीं तीनों गुणों की साम्यावस्था ही प्रकृति है।

पुराण के अनुसार सृष्टि की अधिष्ठात्री प्रकृति देवी स्वयं को पांच भागों में विभक्त करती हैं- दुर्गा, राधा, लक्ष्मी, सरस्वती और सावित्री। ये पांच देवियाँ पूर्णतम प्रकृति कहलाती हैं। इन्हीं प्रकृति देवी के अंश, कला, कलांश और कलांशाश भेद से अनेक रूप हैं, जो विश्व की समस्त स्त्रियों में दिखायी देते हैं।

मार्कण्डेयपुराण में लिखा है, स्त्रिय~ समस्ता~ सकल्ला जगत्सु। प्रकृतिदेवी के एक प्रधान अंश को देवसेना कहते हैं, जो सबसे श्रेष्ठ मातृका मानी जाती हैं। ये समस्त लोकों के बालकों की रक्षिका देवी हैं। प्रकृति का छठा अंश होने के कारण इन देवी का एक नाम षष्ठी भी है। षष्ठी देवी बालकों की रक्षिका एवं आयुप्रदा हैं।

कथा- षष्ठी देवी के पूजन का विधान पृथ्वी पर कब हुआ, इस संदर्भ में पुराण में यह कथा संदर्भित है- प्रथम मनु स्वायम्भुव के पुत्र प्रियव्रत के कोई संतान न थी। एक बार महाराज ने महर्षि कश्यप से दुःख व्यक्त कर पुत्र प्राप्ति का उपाय पूछा। महर्षि ने पुत्रेष्टि यज्ञ का परामर्श दिया। यज्ञ के फलस्वरूप महारानी को पुत्र जन्म हुआ, किंतु वह शिशु मृत था। पूरे नगर में शोक व्याप्त हो गया। महाराज शिशु के मृत शरीर को अपने वक्ष से लगाये प्रलाप कर रहे थे। तभी एक आश्चर्यजनक घटना घटी। सभी ने देखा आकाश से एक विमान पृथ्वी पर आ रहा है। विमान में एक ज्योतिर्मय दिव्याकृति नारी बैठी हुई थी। राजा द्वारा स्तुति करने पर देवी ने कहा- मैं ब्रह्मा की मानस पुत्री षष्ठी देवी हूँ। मैं विश्व के समस्त बालकों की रक्षिका हूँ और अपुत्रों को पुत्र प्रदान करती हूँ। देवी ने शिशु के मृत शरीर का स्पर्श किया। वह बालक जीवित हो उठा। महाराज के प्रसन्नता की सीमा न रही। वे अनेक प्रकार से षष्ठी देवी की स्तुति करने लगे। राज्य में प्रति मास के शुक्लपक्ष की षष्ठी को षष्ठी-महोत्सव के रूप में मनाया जाए-राजा ने ऐसी घोषणा कराई। तभी से परिवार कल्याणार्थ, बालकों के जन्म, नामकरण, अन्नप्राशन आदि शुभ अवसरों पर षष्ठी-पूजन प्रचलित हुआ।

कार्तिक मास शुक्लपक्ष की षष्ठी का उल्लेख स्कन्द-षष्ठी के नाम से किया गया है। वर्षकृत्यविधि में प्रतिहार-षष्ठी के नाम से किया प्रसिद्ध सूर्यषष्ठी की चर्चा की गयी है। इस व्रत की प्राचीनता एवं प्रामाणिकता भी परिलक्षित होती है। भगवान सूर्य के इस पावन व्रत में शक्ति व ब्रह्म दोनों की उपासना का फल एक सा प्राप्त होता है।

आज छठ बिहार और उत्तर प्रदेश से ही जुड़ा आंचलिक नहीं रह गया है बल्कि दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता और चेन्नई जैसे महानगरों में भी श्रद्धाभाव से मनाया जाने वाले पर्व का रूप धारण कर चुका है।

बिहार में छ्ठ पर्व- दीपावली के एक सप्ताह पश्चात् बिहार में छठ का पर्व मनाया जाता है। एक दिन व रात तक समूचा बिहार व पूर्वी उत्तर प्रदेश गंगा के तट पर बसा प्रतीत होता है। इस दिन सूर्यदेव की उपासना व उन्हें अर्ध्य दिया जाता है। भारत के बिहार प्रदेश का सर्वाधिक प्रचलित एवं पावन पर्व है - सूर्यषष्ठी। यह पर्व मुख्यतः भगवान सूर्य का व्रत है। इस व्रत में सर्वतोभावेन सूर्य की पूजा की जाती है। वैसे तो सूर्य के साथ सप्तमी तिथि की संगति है, किन्तु बिहार के इस व्रत में सूर्य के साथ षष्ठी तिथि का समन्वय विशेष महत्व का है।

षष्ठी देवी- इस तिथि को सूर्य के साथ ही षष्ठी देवी की भी पूजा होती है। पुराणों के अनुसार प्रकृति देवी के एक प्रधान अंश को देवसेना कहते हैं; जो कि सबसे श्रेष्ठ मातृका मानी गई है। ये लोक के समस्त बालकों की रक्षिका देवी है। प्रकृति का छठा अंश होने के कारण इनका एक नाम ÷षष्ठी÷ भी है। षष्ठी देवी का पूजन - प्रसार ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार राजा प्रियव्रत के काल से आरम्भ हुआ। जब षष्ठी देवी की पूजा छठ मइया के रूप में प्रचलित हुई। वास्तव में सूर्य को अर्ध्य तथा षष्ठी देवी का पूजन एक ही तिथि को पड़ने के कारण दोनों का समन्वय भारतीय जनमानस में इस प्रकार को गया कि सूर्य पूजा और छठ पूजा में भेद करना मुश्किल है। वास्तव में ये दो अलग - अलग त्योहार हैं। सूर्य की षष्ठी को दोनों की ही पूजा होती है।

प्रमुख त्योहार- छठ बिहार का प्रमुख त्योहार है। छठ का त्योहार भगवान सूर्य को धरती पर धनङ्कधान्य की प्रचुरता के लिए धन्यवाद देने के लिए मनाया जाता है। लोग अपनी विशेष इच्छाओं की पूर्ति के लिए भी इस पर्व को मनाते हैं। पर्व का आयोजन मुख्यतः गंगा के तट पर होता है और कुछ गाँवों में जहाँ पर गंगा नहीं पहुँच पाती है, वहाँ पर महिलाएँ छोटे तालाबों अथवा पोखरों के किनारे ही धूमधाम से इस पर्व को मनाती हैं।

छठ महोत्सव और धार्मिक कर्मकाण्ड

इस त्यौहार पर न तो किसी मन्दिर में पूजा हेतु जाया जाता है, और न ही घर की कोई विशेष सफ़ाई की जाती है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि यह पर्व बहुत ही आसानी से या बिना किसी कर्मकाण्ड के मना लिया जाता है। लेकिन ऐसा नहीं है।

व्रत विधान

छठपूजा में कार्तिक शुक्ल चतुर्थी के दिन नियम-स्नानादि से निवृत्त होकर पवित्रापूर्वक रसोई बनाकर भोजन किया जाता है।

पंचमी को दिन भर उपवास करके सायंकाल किसी तालाब या नदी में स्नान करके भगवान भास्कर को अर्ध्य देने के बाद अलोना भोजन किया जाता है।

षष्ठी के दिन प्रात~काल स्नानादि के बाद से संकल्प करें-

# कैंसर जैसी गंभीर बीमारी पर कैसे होता है बीमा, ऐसे काम आएगा क्रिटिकल इलनेस इंश्योरेंस



नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर आपने कभी सोचा है कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हुई तो क्या होगा? तो आप अकेले नहीं हैं। आजकल मेडिकल इलाज इतना महंगा हो गया है कि सिर्फ हॉस्पिटल का खर्च ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी मुश्किल हो जाती है। ऐसे में क्रिटिकल इलनेस इंश्योरेंस बहुत काम का साबित हो सकता है। आइए, इसे आसान भाषा में समझते हैं।

क्रिटिकल इलनेस इंश्योरेंस क्या होता है- यह एक खास तरह का बीमा होता है जो कैंसर, हार्ट अटैक, किडनी फेलियर, पैरालिसिस जैसी गंभीर बीमारियों के लिए बनाया गया है। अगर किसी बीमित व्यक्ति को इनमें से कोई बीमारी डायग्नोज होती है, तो बीमा कंपनी एक मुश्त रकम देती है। यानी एक साथ पूरी राशि। सबसे अच्छी बात यह है कि इस रकम को सिर्फ इलाज के लिए ही नहीं, बल्कि घर के खर्च, बच्चों की पढ़ाई, EMI या लोन चुकाने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

यह बीमा कैसे काम करता है- मान लीजिए किसी व्यक्ति को कैंसर डायग्नोज होता है। अगर यह बीमारी बीमा पॉलिसी में कवर की गई है, तो बीमा कंपनी मेडिकल बिल नहीं मांगती है। सिर्फ बीमारी की डायग्नोसिस रिपोर्ट ही काफी होती है। इसके बाद कंपनी तय रकम सीधे पॉलिसीहोल्डर को दे देती है।

हालांकि, इसमें एक सर्वाइवल पीरियड होता है। यानी बीमित व्यक्ति को बीमारी का पता चलने के बाद कम से कम 14 से 30 दिन तक जीवित रहना जरूरी है, तभी बीमा का पैसा मिलता है।क्रिटिकल इलनेस पॉलिसी की खासियतें

1. एकमुश्त भुगतान- बीमारी का इलाज चाहे जितने में हो, बीमा कंपनी तय रकम देती है।

2. कम वेटिंग पीरियड- सामान्य हेल्थ इंश्योरेंस की तुलना में इसमें वेटिंग पीरियड कम होता है।

3. टैक्स में राहत- इस बीमा पर चुकाए गए प्रीमियम पर इनकम टैक्स एक्ट की धारा 80डी के तहत टैक्स छूट मिलती है।

4. आसान क्लेम प्रक्रिया- सिर्फ बीमारी की रिपोर्ट लगानी होती है, मेडिकल बिल की ज़रूरत नहीं।

किन मामलों में बीमा नहीं मिलता - अगर बीमारी वेटिंग पीरियड के दौरान सामने आती है, तो क्लेम नहीं मिलता।

पहले से चली आ रही बीमारियां कवर नहीं होतीं।

अगर व्यक्ति सर्वाइवल पीरियड के अंदर ही निधन हो जाए, तो भुगतान नहीं होता।

## मद्रास हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, Cryptocurrency को माना जाएगा प्रॉपर्टी



नई दिल्ली (एजेंसी)। द्रास हाई कोर्ट ने शनिवार को कहा कि क्रिप्टोकरेंसी को भारतीय कानून के तहत प्रॉपर्टी माना जाएगा, जिस पर मालिकाना हक हो सकता है और जिसे ट्रस्ट में रखा जा सकता है। कोर्ट ने ये बात रुतिकुमारी बनाम जनमाई लैब्स प्राइवेट लिमिटेड मामले में कही है।

जस्टिस आनंद वेंकटेश ने कहा कि हालांकि क्रिप्टोकरेंसी एक इनटैंजिबल चीज है और लीगल टेंडर नहीं है, लेकिन इसमें प्रॉपर्टी की जरूरी खासियतें हैं।

ये है पूरा मामला- बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार यह फैसला एक इन्वेस्टर (एप्लीकेंट) द्वारा दायर एक याचिका पर आया, जिसके WazirX प्लेटफॉर्म पर रखे XRP होल्डिंग्स को 2024 के साइबर हमले के बाद फ्रीज कर दिया गया था।

एप्लीकेंट ने जनवरी 2024 में जानमाई लैब्स द्वारा चलाए जा रहे WazirX एक्सचेंज प्लेटफॉर्म पर 1,98,516 इन्वेस्ट किए थे और 3,532.30 XRP कॉइन खरीदे थे। उसे एक पोर्टफोलियो अकाउंट दिया गया था और वह उसके मोबाइल नंबर और ईमेल एड्रेस से रजिस्टर्ड किया गया था।

टैक्सेबल है क्रिप्टोकरेंसी- कोर्ट ने कहा कि भारतीय कानून के हिसाब से, क्रिप्टोकरेंसी को एक वर्चुअल डिजिटल एसेट माना जाता है और इसे स्पेक्यूलेटिव वाला ट्रांजैक्शन नहीं माना जाता।

## Dividend और Stock Split की बारिश; इंफोसिस, BEML, ओरेकल समेत इन 10 कंपनियों के शेयर में कमाई का मौका!




नई दिल्ली (एजेंसी)। आने वाला हफ्ता (27 अक्टूबर से 4 नवंबर 2025) शेयर बाजार के निवेशकों के लिए खास रहने वाला है। इस दौरान कई बड़ी कंपनियां डिविडेंड, स्टॉक स्प्लिट और कॉर्पोरेट री-स्ट्रक्चरिंग के चलते एक्स-डेट पर ट्रेड करेंगी। इनमें इंफोसिस, BEML, ओरेकल फाइनेंशियल, CRISIL, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और KSE लिमिटेड शामिल हैं।

इंफोसिस, ओरेकल में 23 रुपये तक का डिविडेंड- आईटी दिग्गज इंफोसिस लिमिटेड 27 अक्टूबर को 23 प्रति शेयर के अंतरिम डिविडेंड के लिए एक्स-डेट पर जाएगी। वहीं सीआरआईएसआईएल लिमिटेड ने 16 प्रति शेयर का डिविडेंड घोषित किया है। एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज 18 प्रति शेयर और 360 ONE WAM लिमिटेड 6 प्रति शेयर का डिविडेंड देगी।

सबसे बड़ा डिविडेंड इस हफ्ते ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर लिमिटेड की ओर से घोषित किया गया है। कंपनी 130 प्रति शेयर का डिविडेंड देगी। इसकी एक्स-डेट 3 नवंबर है। कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड भी इसी दिन 24 प्रति शेयर डिविडेंड के लिए एक्स-डेट पर ट्रेड करेगी।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया 27 अक्टूबर को 0.20 प्रति शेयर का डिविडेंड देगी, जबकि आरईसी लिमिटेड ने 4.60 प्रति शेयर अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है।

स्टॉक स्प्लिट- केएसई और BEML करेंगी शेयर विभाजन- केएसई लिमिटेड 28 अक्टूबर को 10 से 1 फेस वैल्यू में शेयर स्प्लिट करेगी। वहीं BEML लिमिटेड 3 नवंबर को 10 से 5 फेस वैल्यू में शेयर विभाजित करेगी।

कॉर्पोरेट री-स्ट्रक्चरिंग- अमलगमेशन और स्पिन-ऑफ की तैयारी- इस हफ्ते कुछ कंपनियां विलय और स्पिन-ऑफ की प्रक्रिया से गुजरेंगी। धनी सर्विसेज लिमिटेड और इंडियाबुल्स एंटरप्राइजेज लिमिटेड 28 अक्टूबर को एक्स-अमलगमेशन पर ट्रेड करेंगी। मंगलौर केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड 31 अक्टूबर को एक्स-अमलगमेशन पर जाएगी।

## इन सरकारी कर्मचारियों पर लागू नहीं होगी ये नई ग्रेच्युटी सीमा, सरकार ने किया भ्रम दूर!



केंद्र सरकार ने ग्रेच्युटी भुगतान पर एक महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने हाल ही में एक आदेश जारी किया है जिसमें कहा गया है कि 25 लाख रुपये की संशोधित ग्रेच्युटी सीमा केवल केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 या केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत ग्रेच्युटी भुगतान) नियम, 2021 के अंतर्गत आने वाले केंद्र सरकार के सिविल सेवकों पर लागू होगी।

यानी बढ़ी हुई सीमा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू), बैंकों, बंदरगाह ट्रस्टों, भारतीय रिजर्व बैंक, स्वायत्त निकायों, विश्वविद्यालयों, राज्य सरकारों या सोसाइटियों के कर्मचारियों पर लागू नहीं होगी।

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) केंद्र सरकार का निकाय है। यह केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए पेंशन, सेवानिवृत्ति लाभ और अन्य कल्याणकारी उपायों से संबंधित मामलों पर नीतियां बनाने और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है।

यह पेंशन नियमों, ग्रेच्युटी भुगतान और संबंधित योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करता है और यह सुनिश्चित करता है कि सेवानिवृत्त और कार्यरत सिविल सेवकों को उनके अधिकार सही और समय पर मिलें। यह विभाग पेंशन कानूनों, नियमों और लाभों में बदलावों के संबंध में स्पष्टीकरण, अद्यतन और अधिसूचनाएं भी जारी करता है।

# एंटीलिया तो बस ट्रेलर, मुकेश अंबानी की ये 5 लग्जरी प्रॉपर्टीज नहीं कम



नई दिल्ली (एजेंसी)। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। फोर्ब्स के अनुसार उनकी अनुमानित नेटवर्थ लगभग 9.5 लाख करोड़ रुपये है। अपने शानदार लाइफस्टाइल के लिए फेमस अंबानी ने रियल एस्टेट में काफी इन्वेस्ट किया है और दुनिया भर में उनकी कई महंगी प्रॉपर्टीज हैं।

मुंबई में 15000 करोड़ रुपये के एंटीलिया (भारत का सबसे महंगा घर) से लेकर दुबई में शानदार बीचफ्रंट विला तक अंबानी के पास कई प्रीमियम प्रॉपर्टीज हैं। आइए एक नजर डालते हैं, उनकी इन प्रॉपर्टीज पर।

स्टोक पार्क कंट्री क्लब- साल 2021 में, मुकेश अंबानी ने च के बकिंघमशायर में स्टोक पार्क कंट्री क्लब खरीदा था। यह एक 900 साल पुरानी प्रॉपर्टी है, जिसमें 49 बेडरूम, 27-होल गोल्फ कोर्स, 13 टेनिस कोर्ट और 14 एकड़ के प्राइवेट गार्डन हैं। इसके लिए डील 590 करोड़ रुपये से अधिक में हुई थी।


दुबई का विला

मुकेश अंबानी ने अपने बेटे अनंत अंबानी के लिए दुबई के पाम जुमेराह में 3,000 स्क्वायर फीट का एक शानदार विला खरीदा था, जिसकी वैल्यू 640 करोड़ रुपये से अधिक थी। इस बीच-साइड विला में दस बेडरूम, एक बड़ा डाइनिंग एरिया, इनडोर और आउटडोर पूल, एक प्राइवेट स्पा और एक सैलून है।

न्यूयॉर्क में होटल- मुकेश अंबानी ने न्यूयॉर्क के मैनहैटन में मैंडरिन ओरिएंटल होटल को लगभग 810 करोड़ रुपये में खरीदा था। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने होटल का लगभग 955 करोड़ रुपये का कर्ज भी चुकाया, जिससे पूरी डील लगभग 2,000 करोड़ रुपये की हो गयी।

दुबई में एक और शानदार घर- दुबई में ही मुकेश अंबानी ने लगभग 1,350 करोड़ रुपये में एक और भी महंगी बीच-फ्रंट प्रॉपर्टी खरीदी थी। अंबानी ने पाम जुमेराह में यह महंगा विला कुवैती टाइकून मोहम्मद अलशाया के परिवार से खरीदा था। यह विला उनकी दूसरी प्रॉपर्टी के पास ही स्थित है।

## Lenskart IPO के खुलने की आ गई डेट, 2025 का होगा चौथा सबसे बड़ा इश्यू? कंपनी मुनाफे में है या नहीं



नई दिल्ली (एजेंसी)। चश्मा बेचने के अपने अलग तरीके के लिए लोकप्रिय लेंसकार्ट सॉल्यूशंस ने आईपीओ के लिए तरीख की घोषणा कर दी है। 25 अक्टूबर को दाखिल आरएचपी में दी गई जानकारी के अनुसार, इस इश्यू का अनुमानित आकार 7,278 करोड़ रुपये है। इसमें पैसा लगाने वालों में डीमार्ट के राधाकिशन दमानी का नाम सामने आया है। जिन्होंने करोड़ों रुपये का निवेश किया है, तो चलिए लेंसकार्ट IPO कब खुलेगा, कब बंद होगा और इसका जीएमपी कितना चल रहा है। कंपनी ने कितना मुनाफा कमाया है। इन सबके बारे में पैसा लगाने की सोच रहे हैं तो विस्तार से जान लीजिए।

लेंसकार्ट IPO 31 अक्टूबर को खुलेगा और तीन दिन बाद सब्सक्रिप्शन विंडो 4 नवंबर, 2025 को बंद हो जाएगी। लेंसकार्ट IPO में 4 नवंबर, 2025 तक पैसा लगाने का टाइम मिलेगा।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# बांधवगढ़ सफारी टिकट की कालाबाजारी, वेबसाइट का गलत इस्तेमाल...

उमरिया। दिल्ली के एक गिरोह द्वारा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की सफारी टिकटों की कालाबाजारी का पर्दाफाश सीसीआईओ साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की कार्रवाई के बाद हुआ है। जांच में पता चला कि आरोपियों के पास केवल बांधवगढ़ के वाउचर ही नहीं, बल्कि गिर सफारी (राजस्थान), ताड़ोबा (महाराष्ट्र), जिम कॉर्बेट (उत्तराखंड), काजी रंगा (असम) और अन्य स्थानों के बुकिंग वाउचर भी मिले हैं। इस मामले में दिल्ली से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर डा. अनुपम सहाय ने बताया कि अहमदाबाद (गुजरात) के सासंगीर सिंह दर्शन सहित उन पर्यटकों ने, जिन्होंने सफारी स्लॉट अग्रिम में बुक किए थे, उनसे तय कीमत से तीन गुना अधिक राशि वसूल की गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आरोपित सरकारी वेबसाइट का दुरुपयोग



कर एडवांस बुकिंग करते थे तथा फिर इन वाउचरों को उच्च कीमत पर बेच देते थे।

सीसीआईओ साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने बताया कि आरोपितों द्वारा टिकट बुकिंग के लिए सरकारी साइट को हैंक कर दूसरे राज्यों के पर्यटन स्थलों की एडवांस बुकिंग की जा रही थी। इस तरह का जाल गुजरात, मध्यप्रदेश के बांधवगढ़, राजस्थान के गिर, महाराष्ट्र के ताड़ोबा, उत्तराखंड के जिम कॉर्बेट और असम के काजी रंगा तक फैला हुआ पाया गया। अभी इस घोटाले की तफ्तीश जारी है और साइबर टीम मामले के तकनीकी पक्ष की विस्तृत जांच कर रही है।

फील्ड डायरेक्टर डा. अनुपम सहाय ने पर्यटकों से आग्रह किया है कि वे किसी भी टाइगर रिजर्व में सफारी टिकट बुक करते समय सिर्फ आधिकारिक वेबसाइट और आधिकारिक काउंटर का ही उपयोग करें। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की आधिकारिक साइट पर ही ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है और साइट पर भुगतान ऑनलाइन या रिजर्व के काउंटर द्वारा किया जा सकता है। साथ ही साइट पर संपर्क हेतु आवश्यक फोन नंबर भी दिए गए हैं, जिनसे कोई शंका होने पर सीधे संपर्क किया जा सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि बांधवगढ़ प्रशासन टिकट की कालाबाजारी पर नजर बनाए हुए है और ऐसे किसी भी प्रयास को सख्ती से रोका जाएगा। जिले की स्थानीय प्रशासनिक और सुरक्षा एजेंसियाँ भी इस दिशा में सतर्क हैं और संभावित पीड़ित पर्यटकों को जानकारी दे रही हैं।

सीसीआईओ की कार्रवाई और दिल्ली से आरोपियों की गिरफ्तारी से यह संदेश गया है कि साइबर माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी और कालाबाजारी के खिलाफ भी त्वरित कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने पर्यटकों को चेतावनी दी है कि वे किसी भी ऑफर या तीसरे पक्ष के माध्यम से खरीदारी करने से पहले आधिकारिक स्रोत की पुष्टि अवश्य कर लें।

उन मामलों में जहां अग्रिम भुगतान करना आवश्यक हो, वहां भुगतान के पुख्ता सबूत और रसीद रखना अनिवार्य है।बांधवगढ़ प्रबंधन ने कहा है कि यदि पर्यटक किसी धोखाधड़ी का सामना करते हैं तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके और अन्य संभावित शिकारों को भी बचाया जा सके।

## जिंदगी की जंग हारी इंटरनेशनल खिलाड़ी, रोहिणी कलम ने की आत्महत्या, फांसी के फंदे पर लटका मिला शव






देवास। अंतरराष्ट्रीय जुजित्सु खिलाड़ी और मार्शल आर्ट कोच रोहिणी कलम (35), निवासी अर्जुन नगर राधागंज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार रोहिणी आष्टा में एक निजी स्कूल में मार्शल आर्ट कोच के रूप में कार्यरत थीं और कल ही घर देवास लौटी थीं।

कमरे में फांसी लगाकर की आत्महत्या

स्वजन के मुताबिक रविवार सुबह वह पूरी तरह सामान्य थीं। नाश्ता करने के बाद उन्हें एक फोन आया, जिसके बाद वह अपने कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक बाहर न आने पर छोटी बहन ने सब्बल से दरवाजा तोड़ा तो रोहिणी फांसी पर लटकी मिलीं। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं

रोहिणी कलम ने पिछले वर्ष अबू धाबी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय जुजित्सु प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था। कुछ समय पहले उनका पेट में गठान का ऑपरेशन भी हुआ था। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हुआ है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। घटना की सूचना पर बीएनपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अब हर थाली होगी सेहतमंद! ग्वालियर-चंबल से शुरू हुआ 'पोषण सर्वे'



ग्वालियर। मध्य प्रदेश में लोगों की थाली में मौजूद भोजन में कितना पोषण है, इसका पता लगाने के लिए एक बड़ा सर्वे अभियान शुरू किया गया है। ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना और भिंड जिलों में यह सर्वे वर्तमान में चल रहा है। इसका मकसद है यह जानना कि आम जनता के भोजन में कौन-कौन से पोषक तत्व कम हैं और उन्हें कैसे बढ़ाया जा सकता है।

सर्वे के दौरान शोधकर्ता यह परखेंगे कि लोग किस प्रकार का भोजन कर रहे हैं, उसमें कौन-से माइक्रो और मैक्रो न्यूट्रिएंट्स (जैसे आयरन, जिंक, प्रोटीन, विटामिन आदि) की कमी है और पोषक तत्वों से भरपूर भोजन लेने के बाद शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता है। इस अध्ययन के नतीजों के आधार पर यह तय किया जाएगा कि थाली में परोसे जाने वाले भोजन में पोषक तत्वों की मात्रा कैसे बढ़ाई जाए। 20 लाख रुपये की स्वीकृति


इस परियोजना के लिए 20 लाख रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। पहले चरण के बाद, दूसरे चरण में सर्वे का दायरा धार, झाबुआ और अन्य जिलों तक बढ़ाया जाएगा, जिससे पूरे प्रदेश में खानपान की स्थिति का समग्र मूल्यांकन हो सके। सर्वे को तीन प्रमुख संस्थाएं मिलकर अंजाम दे रही हैं-

न्यूट्रिशन इंटरनेशनल- जो भारत सहित 60 देशों में पोषण सुधार पर कार्यरत है, यह परियोजना की टेक्निकल सपोर्ट यूनिट के रूप में काम करेगी।

एम्स भोपाल- भोजन में फोर्टीफिकेशन (पोषक तत्व जोड़ने की प्रक्रिया) और इसके स्वास्थ्य पर प्रभावों का अध्ययन करेगा।

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय- बायो-फोर्टीफिकेशन (फसलों में पोषक तत्वों की वृद्धि) पर काम करेगा, ताकि खेती के स्तर पर ही पोषण को मजबूत किया जा सके।

## एसआई और सूबेदार की निकली है बंपर भर्ती, आवेदन की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर, जल्द करें अप्लाई




भोपाल। मध्य प्रदेश पुलिस विभाग में सब-इंस्पेक्टर और सूबेदार के पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। इस भर्ती के तहत सब इंस्पेक्टर और सूबेदार के कुल 500 पदों को भरा जाएगा, जिनमें सब इंस्पेक्टर के 472 पद और सूबेदार के 28 पद शामिल हैं।

विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2025 तय की गई है। ऐसे अभ्यर्थी जो पात्रता मानदंड पूरे करते हैं और अब तक आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे द्दद्यड्ढ.द्वश्च.द्द१1.द्धठ्ठ पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन लिंक बंद कर दिया जाएगा। करेक्शन विंडो 3 नवंबर तक खुली

आवेदन प्रक्रिया के दौरान जिन अभ्यर्थियों से किसी प्रकार की त्रुटि हो गई है, वे उसे सुधारने का मौका पा सकते हैं। इसके लिए करेक्शन विंडो 3 नवंबर 2025 तक सक्रिय रहेगी। उम्मीदवार लॉग इन कर अपने आवेदन पत्र में आवश्यक संशोधन कर सकते हैं।

**पात्रता मानदंड**-इन पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्था से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवारों के पास निम्न में से किसी एक योग्यता का प्रमाण पत्र होना चाहिए-

**आईटीआई से कंप्यूटर संबंधित प्रमाणपत्र**-इंजीनियरिंग, एमसीए, बीसीए, कंप्यूटर साइंस या पॉलिटेक्निक डिप्लोमा

**आयु सीमा**-उम्मीदवारों की आयु सामान्य श्रेणी में अधिकतम 33 वर्ष तथा आरक्षित वर्ग के लिए अधिकतम 38 वर्ष तक निर्धारित की गई है। आयु की गणना 17 अक्टूबर 2025 को आधार मानकर की जाएगी। आरक्षित वर्ग को नियम अनुसार आयु में छूट दी जाएगी।

आवेदन प्रक्रिया

1. सबसे पहले उम्मीदवार  वेबसाइट पर जाएं।

2. होमपेज पर  - 2025  लिंक पर क्लिक करें।

3. आवश्यक विवरण भरकर रजिस्ट्रेशन करें।

4. लॉग इन करके शेष विवरण भरें और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें।

5. निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान कर फॉर्म सबमिट करें। आवेदन शुल्क

सामान्य वर्ग एवं अन्य राज्यों के उम्मीदवार- ?560

ओबीसी, एससी, एसटी वर्ग- ?310

इसके अलावा, सभी आवेदकों को ?60 पोर्टल शुल्क अलग से देना होगा।

जो उम्मीदवार पुलिस विभाग में करियर बनाने का सपना देखते हैं, उनके लिए यह सुनहरा अवसर है। इसलिए समय रहते आवेदन करें और अंतिम तिथि का इंतजार न करें।



# इंदौर में भिक्षावृत्ति पर सर्जिकल स्ट्राइक, कई भिक्षुक पकड़े, सुधरने के लिए उज्जैन भेजा



शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने के कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशों के तहत शनिवार को एक बड़ा अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में न केवल भिक्षा लेने वालों, बल्कि भिक्षा देने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने शहर के प्रमुख स्थानों पर यह कार्रवाई की।

अभियान के तहत, महिला एवं बाल विकास अधिकारी और उनकी टीम ने सबसे पहले एमवाय अस्पताल के सामने डेरा जमाए भिक्षुकों पर कार्रवाई की। यहां फुटपाथ और बस स्टॉप पर किए गए कब्जों को भी खाली करवाया गया। इसके बाद टीम ने भाजपा कार्यालय के सामने स्थित गार्डन और दुकानों के पास कई दिनों से रह रहे भिक्षुकों को भी रेस्क्यू किया।रेस्क्यू कर रैन बसेरा भेजा सभी रेस्क्यू किए गए भिक्षुकों को तत्काल पल्सीकर कॉलोनी स्थित रैन बसेरा में शिफ्ट किया गया। इस दौरान एमवाय अस्पताल में मरीजों के साथ आए परिजनों, जो बाहर रुके थे, उनके लिए वर्ल्ड कप चौराहा स्थित रैन बसेरा में रुकने का इंतजाम किया गया।

उज्जैन सेवा धाम में होगा पुनर्वास

भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के नोडल अधिकारी दिनेश मिश्रा ने जानकारी दी कि इन सभी भिक्षुकों को 15 दिनों के लिए उज्जैन स्थित शेल्टर हाउस सेवा धाम भेजा जाएगा। वहां उनका रिहैबिलिटेशन (पुनर्वास) किया जाएगा, जिसमें उनकी काउंसलिंग और हरसंभव सहायता शामिल है।

मंदिर-मस्जिदों पर भी लगातार निगरानी- इससे पहले नगर निगम चौराहा से एमजी थाने तक भी नगर निगम, पुलिस और महिला बाल विकास की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की थी। अधिकारियों के अनुसार, शहर के सभी प्रमुख मंदिर, मस्जिद, चौराहों आदि पर लगातार निगरानी के लिए विशेष टीमें बनाई गई हैं, जो इस अभियान को जारी रखेंगी।

# पावली के बाद सोने और चांदी के दाम में क्या बदलाव हुए




इंदौर। अंतरराष्ट्रीय बुलियन वायदा मार्केट में सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस शुक्रवार को देर रात सटोरियों की सक्रियता बढ़ती दिखी। इसके साथ अमेरिकी डालर में भी तेजी आई। इसके बाद सोने में फिर से लेवाली देखने को मिली। इसका असर हुआ कि कामेक्स पर सोना वायदा शुक्रवार देर रात 51 डालर उछलकर 4111 डालर प्रति और चांदी वायदा 35 सेंट बढ़कर 38.39 डालर प्रति औंस पर बंद हुई। हालांकि विदेशों में तेजी के बाद भी भारतीय सराफा बाजार में सोने-चांदी के दाम नहीं बढ़े।

क्योंकि पहले ही भाव ऊंचे हैं और कीमतें बीते दिनों में विदेशी बाजारों के अनुपात में नहीं घटी थी। इस बीच दीपावली बाद ग्राहकी भी बहुत सुस्त बनी हुई है। इंदौर में सोना केडबरी 124500 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी चौरसा 149500 रुपये प्रति किलो पर स्थिर रही। ज्वेलर्स का मानना है कि लग्नसरा का सीजन सामने है। ऐसे में दोनों कीमतीं धातुओं में तेजी का वातावरण आगे बनेगा तो वैवाहिक ग्राहकी प्रभावित होगी। अगर भाव स्थिर हो जाते है तो ग्राहकी का माहौल बन सकता है। हालांकि जानकार कह रहे हैं कि आने वाले समय में न केवल सोने की कीमत बढ़ेगी, बल्कि डालर भी कमजोर होगा।

## इंदौर में सुबह से फिर तेज बारिश, रात में भी गिरा पानी



इंदौर। इंदौर में सुबह से तेज बारिश हो रही है। शनिवार रात से ही पानी गिरना शुरू हो गया था। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिन तक बारिश का दौर रहेगा।

इंदौर और आसपास के जिलों के लिए मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। अगले तीन दिन बारिश, आंधी और बिजली गिरने की संभावना है। तापमान भी 3 डिग्री तक कम रह सकता है। शनिवार को इंदौर का तापमान 28.6 डिग्री रहा जो शुक्रवार से 3.3 डिग्री गिरा और अब रविवार को इसके 3 डिग्री और भी गिरने की संभावना है।

शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों के अनुसार मौसम लगातार बदल रहा है और सर्दी, खांसी और वायरल के साथ डेंगू, मलेरिया के मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। बदलते मौसम में स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में नागरिकों को दी शुभकामनाएं



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार की शाम इंदौर के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में भोपाल से वर्चुअली जुड़कर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। यह समारोह स्थानीय विधायक एवं प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि दीपावली का पर्व भारतीय संस्कृति का प्रतीक पर्व है, जो प्रकाश, सद्भावना, और समृद्धि का संदेश देता है। उन्होंने नव वर्ष की भी अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा की नया वर्ष सभी के लिए मंगलदायी रहे। दीपावली केवल दीप प्रज्वलन का त्यौहार नहीं, बल्कि अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का उत्सव है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि इस पावन अवसर पर समाज में भाईचारा, सहयोग और सेवा की भावना को आगे बढ़ाएं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनकल्याण और विकास के प्रति समर्पित है। उन्होंने बताया की लाडली बहना योजना के तहत बहनों को अब 1500 रुपए दिए जाएंगे और आने वाले समय में इस राशि में और वृद्धि की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय उत्पादों के उपयोग को भी प्रोत्साहित करने की अपील की। दीपावली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में बहनें व महिलाएं शामिल हुई।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27 अक्टूबर को फूड एंड ड्रग लेब का करेगे लोकार्पण

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27 अक्टूबर को सांवेर के तलावली चांदा में 8 करोड 30 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित फूड एंड ड्रग लेब का लोकार्पण करेगे।

इस संबंध में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि 27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सांवेर के तलावली चांदा में 8 करोड 30 लाख की लागत से नवनिर्मित फूड एंड ड्रग लेब का लोकार्पण करेगे। इस संबंध में आज मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट और कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने नवनिर्मित फूड एंड ड्रग लेब का निरीक्षण किया और गृह निर्माण विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को लोकार्पण कार्यक्रम हेतु पुलिस, साफ-सफाई एवं अन्य व्यापक तैयारियां किये जाने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर रोशन राय, गृह निर्माण मंडल के उपायुक्त प्रमोद पराते, कार्यपालन यंत्री श्री आनंद जैन, थाना प्रभारी तारेश सोनी, पार्षद योगेन्द्र गेंदर, राकेश सोलंकी, रितेश पाल, कैलाश चौहान, झोनल आफिसर संतोष घोलपूरिया सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## टमाटर उत्पादन में देश में नंबर-1 है मध्यप्रदेश

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के सब्जी उत्पादक किसानों को सरकार की प्रोत्साहन योजना का भरपूर लाभ मिल रहा है। कैश क्राप प्रोडक्शन को किसानों ने हाथों-हाथ लिया है। यही कारण है कि सबके किचन की डेली नीड टमाटर के उत्पादन में मध्यप्रदेश पूरे देश में पहले स्थान पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के माध्यम से टमाटर की फसल पर आधारित लघु उद्योगों को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहन मिल रहा है। टमाटर के बीज पर सरकार द्वारा किसानों को 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इस अनुदान से किसानों को बड़ा संबल मिल रहा है। योजना का लाभ लेकर हमारे किसान भाई आत्मनिर्भर बनकर समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं।

## कार्बाइड गन को लेकर इंदौर पुलिस ने जारी किया कानून, उल्लंघन करने वालों को होगी ये सजा



इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर के जिला प्रशासन ने कैल्शियम कार्बाइड से चलने वाली देशी बंदूक के कारण बढ़ती दुर्घटनाओं के मद्देनजर शुक्रवार को इस खतरनाक खिलौने पर प्रतिबंध लगा दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस ने एक अलग आदेश जारी करके कार्बाइड गन के साथ रील बनाने और इसे सोशल मीडिया पर डालने पर भी पाबंदी लगा दी है... जिलाधिकारी शिवम वर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी आदेश में कहा,''अवैध तौर पर तैयार कार्बाइड गन से आम जन के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लिहाजा इसका निर्माण, भंडारण, क्रय-विक्रय, वितरण, प्रदर्शन और इसे चलाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की पहल पर इंदौर को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने के अभियान के तहत की गई कार्रवाई

इंदौर। इंदौर को भिक्षावृत्ति मुक्त शहर बनाए जाने के संदर्भ में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की पहल पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत भिक्षा लेने और देने वाले दोनों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आज महिला बाल विकास अधिकारी एवं उनकी टीम ने एमवाय हॉस्पिटल के सामने लगातार बैठ रहे भिक्षुकों पर कार्यवाही की गई। इनमें से जो लोग अस्पताल में आए मरीजों के परिजन थे और जिन्हें रहने का स्थान नहीं था उनके लिए वर्ल्ड कप चौराहा रैन बसेरा में रुकने का इंतजाम किया गया, जो लोग भिक्षावृत्ति कर रहे थे उन्हें रेस्क्यू कर अभियान के अंतर्गत रेन बसेरा पल्सीकर में रखा गया है। एमवाय हॉस्पिटल के सामने फुटपाथ, बस स्टॉप पर किए गए कब्जे को भी इनसे खाली करवाया गया। भाजपा कार्यालय के सामने स्थित गार्डन एवं दुकानों के समक्ष कई दिनों से रह रहे भिक्षुकों को भी रेस्क्यू किया गया। महिला बाल विकास एवं अन्य विभागों के समन्वय से बनी टीमों के द्वारा लगातार नगर के सभी मंदिर मस्जिद चौराहों आदि की निगरानी की जा रही है।

भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान नोडल अधिकारी श्री दिनेश मिश्रा ने बताया कि इन्हें 15 दिनों के लिए उज्जैन शेल्टर हाउस सेवा धाम, भेजा जाएगा जहां पर उनकी काउंसलिंग एवं संभव सहायता की जाएगी और उनके रिहैबिलिटेशन पर कार्य किया जाएगा। इसके पूर्व नगर निगम चौराहा से लेकर एमजी थाने तक की पट्टी पर एमजी थाना प्रभारी, नगर निगम एवं महिला बाल विकास की टीम के द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई । भिक्षावृत्ति उन्मूलन टीम लगातार जगह-जगह कार्रवाई कर रही है। यह मुहिम लगातार जारी है।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकर !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# अब रीलबाजी बन गई आफत, 50 लोगों को पुलिस ने पकड़ा, कंट्रोल रूम में कान पकड़कर मांगी माफी

## हथियारबाजी जैसी रील बनाने वाले युवकों पर पुलिस ने की कार्रवाई

उज्जैन। सोशल मीडिया पर अपराध और हथियारबाजी जैसी रील बनाने वाले युवकों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। शहर के 50 से अधिक युवाओं को पुलिस ने पकड़ा। सभी को पुलिस कंट्रोल रूम ले जाया गया। यहां सभी ने कान पकड़कर माफी मांगी। आगे से इस प्रकार की रील ना बनाने का वादा किया।



एएसपी नीतेश भार्गव ने सभी को समझाइश देकर कानूनी सीमाओं और समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में अवगत कराया। पुलिस का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा और जिम्मेदारी की भावना देना है।

### ऐसे लोगों को किया जा रहा है चिह्नित

शहर के कई युवा इन दिनों सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर लोगों को धमकाने वाले डायलॉग व हथियारों के साथ रील बनाकर पोस्ट कर रहे हैं। इससे देखकर नाबालिगों में आपराधिक प्रवृत्ति बढ़ रही है। साइबर सेल सोशल मीडिया पर नजर रखकर ऐसे लोगों को चिह्नित कर रही है।

### मर्डर के बाद जागा पुलिस प्रशासन

दीपावली की रात तेलीवाड़ा चौराहे पर संदीप राठौर की 7 युवकों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इसके अलावा नीलगंगा थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर में भी एक युवक को तीन आरोपितों ने चाकू मार दिए थे। इंदौरगेट चौराहे पर भी बाइक टकराने को लेकर तीन युवकों ने दो युवकों को चाकू मारकर घायल कर दिया था। तीनों मामलों में जांच के बाद पुलिस को पता चला कि आरोपियों की उम्र काफी कम है। सभी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर लोगों को धमकाने व हथियार के साथ रील पोस्ट की गई थी।

# एक दीप जला आना-रामदास मेढ़ेकर समर्थ



उज्जैन। इस वर्ष के प्रथम मावठे की फुहारों के बीच ग़ज़लांजलि साहित्यिक संस्था की दीपावली मिलन गोष्ठी आयोजित हुई। रामदास मेढ़ेकर समर्थ द्वारा दीप प्रज्वलन कर कविता पाठ किया पहुँच न पायी किरणे जिस मन सूर्य चन्द्र जुगनू की, एक दीप जला आया उस मन के आँगन में...।

दीपोत्सव के प्रमुख उद्देश्य पर कविता पढ़ते हुए अवधेश वर्मा ने कहा दीपोत्सव देय सन्देश विजय का, जगत तिमिर की कठिन चुनौती पर...। इस अवसर पर डॉ. अखिलेश चौरे ने उतर आये वो मेरे दिल में हौले से निगाहों से, मिला है हौसला जीने का यूँ आपस की चाहों से... ग़ज़ल सुनाई तो वहीं अशोक रक्ताले ने ग़ज़ल अब मुझे वो अपने गले से लगाना चाहता है, पक चुकी इस उम्र में अब क्या जताना चाहता है... पढ़ी।

जबलपुर से गोष्ठी में सम्मिलित हुई पूर्व न्यायाधीश मीना भट्ट ने कम की ख्वाहिश है ज्यादा नहीं माँगा करते, प्यास लगती है तो दरिया नहीं माँगा करते... ग़ज़ल पढ़ी। बहती पवन भी कहती है कल-कल करता दरिया भी कहता है, रुकना साँसों का दमन है बढ़ते रहना ही जीवन है... अक्षय चवरे ने कविता के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किये। डॉ. विजय सुखवानी ने भी ग़ज़ल सुनाई तो डॉ. श्रीकृष्ण जोशी ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं एवं सभी काव्य रचनओं की समीक्षा प्रस्तुत की।

# माहेश्वरी सभा का अन्नकूट संपन्न

उज्जैन। दीपावली के पुनित पावन पर्व के उपरांत माहेश्वरी सभा एवं माहेश्वरी समाज उज्जैन का संयुक्त दिपावली मिलन समारोह एवं भगवान चारभुजा नाथ जी के मंदिर, माहेश्वरी धर्मशाला उज्जैन में अन्नकूट प्रसादी का आयोजन संपन्न हुआ।

इस आयोजन में उज्जैन में निवासरत माहेश्वरी समाज के 1500 से अधिक समाजबंधुओं ने सहभागिता दर्ज कर प्रसादी का लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सराफा बीजेपी मडंल के अध्यक्ष अजय तिवारी विशेष तौर पर आमंत्रित थे। विधायक जैन ने सभी समाजजनों को दिपावली की बधाई शुभकामनाए दी।

# नागेश्वर पार्श्वनाथ जैन मन्दिर अरविंद नगर पर संघ द्वारा ज्ञान की पूजा



उज्जैन। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को ज्ञान पंचमी या सौभाग्य पंचमी के नाम से जाना जाता है। यह पर्व दीपावली के पांचवें दिन मनाया जाता है और विशेष रूप से जैन और हिंदू धर्मावलंबियों के लिए अत्यंत पवित्र माना गया है। इस दिन ज्ञान, शिक्षा, विवेक और बुद्धि की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती जी की उपासना की जाती है। इसी क्रम में नागेश्वर पार्श्वनाथ जैन मन्दिर अरविंद नगर पर संघ द्वारा ज्ञान की पूजा कराई गई। वामा देवी महिला मंडल की अध्यक्षा अनीता कोठारी ने बताया कि ज्ञान पंचमी का पर्व, ज्ञान आराधना का पर्व है। ज्ञान पंचमी को श्रुत पंचमी या लाभ पंचमी भी कहते हैं। ज्ञान सभी के लिए अमूल्य है। यह ऐसी निधि है जो बांटने पर विस्तार को पाती है, जीवन के पथ को सदैव प्रकाशित करती है।ज्ञान की महिमा को समझना और उसके प्रति खुद को सजग बनाना ही ज्ञान पंचमी है। ज्ञान पंचमी के दिन प्रभु महावीर के दर्शन को पहली बार लिखित ग्रंथ के रूप में सामने लाया गया था।

# राठौर समाज का भव्य अन्नकूट महोत्सव बना दिव्यता और उल्लास का अद्भुत संगम




उज्जैन। श्री राठौर क्षत्रिय समाज ट्रस्ट, उज्जैन द्वारा आयोजित भगवान श्री मदनमोहन जी एवं श्री दास हनुमान जी का भव्य अन्नकूट महोत्सव 2025 रविवार को श्रद्धा, उत्साह और अलौकिक भक्ति भावना के साथ अत्यंत धूमधाम से संपन्न हुआ।

ट्रस्ट सचिव धर्मेन्द्र मगरवा एवं नगरसभा उपाध्यक्ष गोपाल राठौर ने बताया कि मदनमोहन वाटिका परिसर में सजे लगभग 60 हजार वर्ग फीट के भव्य पंडाल में सुबह से ही समाजबंधुओं, श्रद्धालुओं और मातृशक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। हल्की वर्षा की फुहारों ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया।भक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों, शंखनाद और पुष्पवर्षा के बीच भगवान श्री मदनमोहन जी की शोभायात्रा छोटी रपट क्षिप्रा तट से प्रारंभ होकर मदनमोहन वाटिका पहुँची, जहाँ दिव्यता और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने मिला।

महोत्सव में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने श्री मदनमोहन वाटिका निर्माण हेतु विधायक निधि से ग्यारह लाख रुपए की घोषणा की। साथ ही महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, रवि सोलंकी, महापौर परिषद सदस्य डॉ. योगेश्वरी राठौर, भाजपा महामंत्री आनंद खिंची एवं येन्द्र राठौर, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों सहित बाहर से पधारे समाजबंधुओं का दुपट्टा, शॉल और श्रीफल से भव्य स्वागत-अभिनंदन किया गया। अतिथियों ने भगवान श्री मदनमोहन जी के दर्शन कर आरती में सहभागिता की तथा राठौर समाज की एकता, सहयोग और संस्कृति संरक्षण की भावना की सराहना की। कार्यक्रम में भगवान श्री मदनमोहन जी की महाआरती की सर्वाधिक बोली नागेश्वरधाम कॉलोनी निवासी सुरेशचंद्र राठौर ने लगाई, जो एक लाख पाँच हजार रुपए रही। ट्रस्ट द्वारा बोली कर्ता परिवार का हार, शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया।

महोत्सव में मार्गदर्शक तेजकुमार राठौर, मनोहरलाल राठौर (वकील साहब), संरक्षक श्री शिवनारायण राठौर, अध्यक्ष पुरुषोत्तम राठौर, कोषाध्यक्ष मदनलाल राठौर, आशीष राठौर, राजेन्द्र परमार, नगरसभा अध्यक्ष छगनलाल राठौर, संयोजक संजय राठौर, युवा अध्यक्ष जितेन्द्र राठौर, अरुण राठौर, राहुल राठौर, हरीश राठौर वकील साहब, संतोष राठौर एवं अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया।

भगवान श्री मदनमोहन जी एवं श्री दास हनुमान जी को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए, जिसके पश्चात महाआरती संपन्न हुई और हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन एवं प्रसादी ग्रहण की। गोपाल राठौर ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि समाज की एकता, सहयोग, संस्कार और सांस्कृतिक विरासत का सशक्त प्रतीक है।

बाहर से आए समाजबंधुओं का स्नेह और सहभागिता इस महोत्सव की विशेषता रही, जिससे सम्पूर्ण परिसर भक्ति, सौहार्द और आनंद से भर गया।मंच संचालन ट्रस्ट सचिव श्री धर्मेन्द्र मगरवा ने प्रभावशाली ढंग से किया तथा आभार श्रीमती निर्मला चौहान ने माना। आयोजन में भावना राठौर, युवा सदस्य राहुल राठौर, संतोष राठौर, पवन राठौर, सुनील राठौर, दीपक राठौर तथा महिला समिति प्रमुख श्रीमती दुर्गा राठौर सहित ट्रस्टी गण, नगरसभा समस्त युवा संगठन का विशेष योगदान रहा।

# दीपावली मिलन समारोह में हुआ काव्यांजलि साहित्य समूह की पुस्तक का लोकार्पण




उज्जैन। नील गंगा मार्ग स्थित श्रीधाम आश्रम में काव्यांजलि समूह द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में हास्य-व्यंग्य कि कविताओं का जमकर दौर चला, सामुहिक ग़ज़लों की पुस्तक का हुआ लोकार्पण।

संयोजक युवा गजलकार राकेश जैन ने बताया कि पांच वर्ष पहले उन्होंने फेसबुक पर काव्यांजलि नाम से साहित्य का समूह बनाया जिसमें लगभग 5000 साहित्यकार अभी तक देश विदेश से शामिल है। जिसमें से समूह के पांच वर्ष पूर्ण होने पर समूह की तरफ से साझा ग़ज़ल का एक संकलन तैयार किया गया था जिसका लोकार्पण शहर के ख्यातनाम साहित्यकारों के कर कमलों से दीपावली मिलन समारोह में विमोचन किया गया। साथ ही वरिष्ठ गीतकार सुगनचंद जैन को काव्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया वहीं युवा रचनाकार हर्ष सैनी को प्रतीभा सम्मान से नवाजा गया। संचालन अनिल पांचाल सेवक द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के पद पर प्रसिद्ध व्यंग्यकार मुकेश जोशी, विशिष्ट अतिथि नेत्रा रावणकर ने सुशोभित किया। अध्यक्षता सुगनचंद जैन ने की। सरस्वती वंदना जबलपुर निवासी मीना भट्ट के द्वारा प्रस्तुत की गई। काव्यपाठ डॉ पुष्पा चौरसिया, संतोष सुपेकर, डॉ अखिलेश चौरे, डॉ रमेश चांगेसिया, अशोक रक्ताले, मानसिंह शरद, डॉ रफीक अहमद नागोरी, डॉ अमरीश जैन संगीता तह्रैरा, खुश्बू बाफना, अक्षर चवरे तरुण उपाध्याय आदि ने काव्यपाठ किया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com